### बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड ने कंपनी एग्रिस्टो और वेब ग्रुप की मासा यूनिट शुरू की

# बिजनौर के 2500 किसानों की आए बढ़ाएगी बेल्जियम की कंपनी

**750** करोड़ रुपये का निवेश करेंगी एग्रिस्टो-मासा

**400** निवेशकों की दो हजार करोड़ के निवेश में रुचि

■ समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे

बिजनौर, वरिष्ठ संवाददाता। बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड ने रविवार को हीमपुरदीपा के गंज क्षेत्र में एग्रिस्टो मासा की नई यूनिट का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। ग्रांउंड ब्रेकिग सेरेमनी में शुरू हुई 250 करोड़ की कंपनी को 750 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के साथ यह यूनिट बेल्जियम की एग्रिस्टो और वेव ग्रुप की मासा कंपनी की साझेदारी में लग रही है। इससे क्षेत्र के 2500 से ज्यादा किसानों को लाभ मिलेगा। ये किसान कंपनी के लिए अनुबंध पर आलू की खेती करेंगे। इससे उनकी आय बढ़ेगी। कार्यक्रम में वेव ग्रुप के चेयरमैन सहित बेल्जियम और भारत के तमाम प्रतिनिधि मौजूद रहे।

गांव महमूदपुर में स्थित एग्रिस्टो मासा कंपनी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना आदि ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। वेव ग्रुप के चेयरमैन मनप्रीत सिंह चड्ढा ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है, इसलिए वे लोग निवेश के साथ काम कर रहे हैं। मंत्री मैथियास डिएपेंडेले ने कहा कि यह संयंत्र भारत से मजबूत संबंधों का संकेत है।




बिजनौर में रविवार को बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड ने दीप जलाकर नई यूनिट का शुभारंभ किया।

## बिजनौर में निवेशकों ने दिखाई रुचि : खन्ना

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सुरक्षा व सुरक्षित निवेश के चलते निवेशक बढ़ रहे हैं। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और यूपी को एक ट्रिलियन डालर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य पूरा करने की ओर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनौर में 400 नए निवेशकों ने करीब दो हजार करोड़ के निवेश में रुचि दिखाई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान बिजनौर में अब तक 11743.35 करोड़ रुपये के 554 एमओयू साइन हुए हैं। जिससे 41,466 लोगों को रोजगार सृजन होगा।